आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 दिसम्बर 2025 **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलग–अलग समीक्षा बैठकों में प्रदेश के चतुर्दिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी के सभी कंट्री डेस्क की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए निवेशकों से संवाद बढ़ाया जाए। इसके लिए उन्होंने नियमित अंतराल पर राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब सिर्फ निवेश की संभावना नहीं, बल्कि निवेश के भरोसे का राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पीड, स्टेबिलिटी और सपोर्ट, नए उत्तर प्रदेश की पहचान होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने आज अपने सरकारी आवास पर एक जिला एक उत्पाद–ओडीओपी कार्यक्रम की प्रगति एवं सुधारात्मक बदलावों की समीक्षा भी की। उन्होंने ओडीओपी कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने तथा ओडीओपी उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में और बेहतर प्रयासों के लिए अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने आश्वासन दिया है कि सरकार अगले तीन महीनों तक उन लोगों पर कोई जुर्माना नहीं लगाएगी और न ही सख्त कार्रवाई करेगी जिन्होंने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों का पंजीकरण नहीं कराया है। यह जानकारी आज उन्होंने नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में दी।

जितने भी मुत्तावल्लीस के माध्यम से उम्मीद पोर्टल में अपलोड करने के लिए जो कोशिश किया, पोर्टल में रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाया उनको मैं आश्वासन देना चाहता हूं कि हम आगे आपके लिए रास्ता खोलेंगे और 3 महीने तक हम कोई कठोर कदम नहीं उठाएंगे। हम कोई जुर्माना नहीं लगाएंगे 3 महीने के समय में जितने भी वक्फ प्रॉपर्टीज हैं, मुत्तावल्लीस के जो अधीन है वह रजिस्ट्रेशन करा लीजिए।

****

रसायन तथा उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज लोकसभा में कहा कि सूक्ष्म पोषक उर्वरकों पर जीएसटी को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। श्री नड्डा ने कहा कि इससे किसानों, विशेष रूप से छोटे और सीमांत किसानों को प्रति एकड़ खेती में वित्तीय राहत मिलेगी, जो अक्सर लागत में उतार–चढ़ाव के प्रति संवेदनशील होते हैं।

****

प्रदेश सरकार में नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज मऊ में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के दूसरे चरण के लाभार्थियों के स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि देश में कोई भी परिवार बेघर न रहे। इस अवसर पर दो सौ बत्तीस लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

****

काशी–तमिल संगमम के चौथे संस्करण के प्रथम चरण के तहत आज तमिलनाडु के विद्यार्थियों के समूह ने अयोध्या में भगवान श्रीरामलला का दर्शन–पूजन किया। श्रीरामलला के दर्शन के बाद प्रतिनिधिमण्डल ने भव्य राम दरबार का भ्रमण किया और भारतीय वास्तुकला की उत्कृष्ट कलाकृति से परिचित हुआ। एक रिपोर्ट–

आज विद्यार्थियों का समूह जब श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचा तो उनका उत्साह चरम पर था। पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों के उद्घोष से गूंज उठा। भगवान श्रीरामलला के दिव्य दर्शन से विद्यार्थियों का समूह भाव–विभोर हो गया। यह पल उत्तर और दक्षिण भारत की भक्ति परम्पराओं के अद्भुत मिलन का प्रतीक बन गया। दर्शन–पूजन के बाद विद्यार्थियों के समूह ने ऐतिहासिक राम की पैड़ी का भी भ्रमण किया। आज ही बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय–बीएचयू में "काशी और तमिलनाडु की आध्यात्मिक और दार्शनिक परम्परायें" विषय पर एक शैक्षिणिक सत्र का भी आयोजन किया गया। इस बार काशी–तमिल संगमम की थीम 'तमिल सीखें–तमिल करकलम' है। इसके तहत वाराणसी के स्कूलों में बच्चों को तमिल भाषा का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर तेजी से जारी है। इस बीच, अम्बेडकरनगर के जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि वहां निन्यानबे प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्र जमा किये जा चुके हैं। साथ ही पचासी प्रतिशत से अधिक गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन हो चुका है। वहीं, जौनपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर दिनेश चन्द्र ने आज विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

****

रामपुर की एमपी–एमएलए कोर्ट ने पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम को फर्जी पासपोर्ट मामले में दोषी ठहराया है। इस मामले में कोर्ट ने उन्हें अधिकतम सात वर्ष और पचास हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। अब्दुल्ला आजम सजायाफ्ता पूर्व मंत्री आजम खां के पुत्र हैं।

****

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में कहीं–कहीं शीतलहर पड़ने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार ग्यारह दिसम्बर तक सुबह के समय कहीं–कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरे का प्रभाव बना रहेगा। साथ ही इस सप्ताह मौसम के शुष्क बने रहने की भी संभावना है।

****